# होमगार्ड्स तथा नागरिक सुरक्षा, मुख्यालय मध्यप्रदेश

## परिपत्र क0–32

कमांक 1648 /निस/डीजी/2018, भोपाल, दिनांक 06 नवम्बर,2018

यह पाया जा रहा है कि कई प्रकरणों में मान0 न्यायालय व्दारा "स्टे" पारित किये गये हैं । अतः जिन प्रकरणों में "स्टे" पारित किये गये हैं, उसमें संबंधित प्रभारी अधिकारी तत्काल शासकीय अधिवक्ता से संपर्क कर "स्टे" वैकेट कराये जाने की कार्यवाही करें ।

2– साथ ही मान्नीय उच्च न्यायालय में दायर याचिकाओं में जवाबदावा प्रस्तुत करने हेतु नियुक्त किये गये प्रभारी अधिकारियों व्दारा प्रकरण की भलीभांति अध्ययन नहीं करते हैं, जिससे जवाबदावा में कुछ आवश्यक जानकारी समाहित नहीं हो पाती एवं प्रकरण काफी लम्बे समय तक मान्नीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन रहा आता है । अतः प्रभारी अधिकारी जवाबदावा शासकीय अधिवक्ता से तैयार कराया जाकर मान्नीय न्यायालय में प्रस्तुत करने के पूर्व समय पर अपने डिवीजनल कमाण्डेंट से भी परीक्षण करा लेवें ।

3– प्रभारी अधिकारी व्दारा अवलोकन हेतु प्रेषित जवाबदावा का तत्काल परीक्षण डिवीजनल कमाण्डेंट व्दारा किया जाकर प्रभारी अधिकारी को लौटाया जावे, ताकि समय पर जवाबदावा मान्. उच्च न्यायालय में प्रस्तुत हो सके । यदि डिवीजनल कमाण्डेंट किसी बिन्दु विशेष पर मुख्यालय से जानकारी प्राप्त किया जाना आवश्यक समझते हैं तो स्पष्ट जानकारी एवं अभिमत सहित प्रकरण मुख्यालय में उपलब्ध कराते हुए मुख्यालय से परीक्षण कराकर शीघ्राति–शीघ्र जवाबदावा प्रस्तुत कराने की कार्यवाही करें।

4– महाधिवक्ता म0प्र0 जबलपुर के व्दारा कोर्ट में लंबित प्रकरणों को CMTS के अंतर्गत कार्यवाही के निर्देश दिए जाकर 15 दिवस में तामीली की मांग की है, जो Webs Portal पर कार्यवाही कर तामीली से इस कार्यालय को भी अवगत करावें (जारी दिशा–निर्देश इस मुख्यालय के पत्र कमांक 1–16/ 1491/गो.शा. (1)/कोर्टकेस/2018, दिनांक 03.11.18 व्दारा विभाग के समस्त यूनिटों को प्रेषित की गई है) ।

(महान भारत सागर) 6.11.18
डायरेक्टर जनरल,
होमगार्ड्स तथा नागरिक सुरक्षा,
एवं आपदा प्रबंधन, मध्यप्रदेश

पृ0कमांक 1649 /निस/डीजी/2018, भोपाल, दिनांक 06 नवम्बर,2018

प्रतिलिपि :–

1– अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, होमगार्ड्स मध्यप्रदेश जबलपुर ।
2– एडीशनल कमाण्डेंट जनरल, होमगार्ड्स मध्यप्रदेश जबलपुर ।
3– समस्त एस.एस.ओ./जे.एस.ओ. होमगार्ड्स मध्यप्रदेश जबलपुर ।
4– कमाण्डेंट, केन्द्रीय प्रशि. संस्थान, होमगार्ड्स मंगेली–जबलपुर ।
5– समस्त डिवीजनल कमाण्डेंट, होमगार्ड्स मध्यप्रदेश ।
6– समस्त डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट, होमगार्ड्स मध्यप्रदेश ।
7– सहा.जिला अभियोजन अधिकारी, होमगार्ड्स मध्यप्रदेश ।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

6.11.18
डायरेक्टर जनरल,
होमगार्ड्स तथा नागरिक सुरक्षा,
एवं आपदा प्रबंधन, मध्यप्रदेश

Scanned by CamScanner